अमर उजाला

नकली का खेल: महेश इडिबल ऑयल पर छापा, 469 किलो मसाले जब्त

आगरा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने शमसाबाद रोड दिगनेर स्थित महेश एडिबल ऑयल का ॅरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड की मसाला एवं सरसों तेल विनिर्माण प्रतिष्ठान पर छापा मारा। करीब 469 किलो मसाले जब्त किए, इनकी कीमत 8.06 लाख रुपये है। पैकिंग में नियमों की अनदेखी की जा रही थी। जांच के लिए 16 नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

जिला अभिहित अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि होली पर मिलावटी सामान की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। टीम को प्रतिष्ठान में बोरों में मसालों के पैकेट भरे हुए मिले। जांच करने पर संजलि ब्रांड पर मानकों की अनदेखी थी। टीम ने 209 किलो मीट मसाला, जिसकी कीमत 2 लाख रुपये है। इसके बोरों पर मीट लिखा था। 80 किलो चिकन मसाला की कीमत 6 लाख रुपये है। इसमें 5 रुपये के रैपर में मसाले थे।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/agra/raid-on-mahesh-edible-oil-469-kg-spices-seized-2024-03-19